# UNIVERSITY NEWS 02 NOVEMBER 2025

## AMAR UJALA

### विद्यार्थियों ने समझा आंध्रप्रदेश का इतिहास

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को आंध्रप्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर आंध्रप्रदेश के मूल निवासियों ने विद्यार्थियों को वहां का इतिहास बताया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने की। आंध्रप्रदेश के निवासी व जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में कार्यरत डॉ. नाओमी खानगृह ने बताया कि आंध्रप्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक स्मारकों, प्राकृतिक सुंदरता और मजबूत कृषि आधार के लिए प्रसिद्ध है। यह भारत का चावल का कटोरा कहलाता है। आंध्रप्रदेश के निवासी डॉ. पी प्रशांत ने राज्य के अन्य आकर्षणों में तिरुपति का वेंकटेश्वर मंदिर और लेपाक्षी जैसे मंदिरों के बारे में भी बताया। एनबीआरआई के चीफ साइंटिस्ट डॉ. सीवी राव, सीडीआरआई के चीफ साइंटिस्ट डॉ. शशिधर ने भी आंध्र प्रदेश के इतिहास पर प्रकाश डाला। (संवाद)



विवि

### नैनो तकनीक से पौधे लगाएंगे प्रदूषण पर लगाम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. अलका कुमारी और उनकी टीम ने एक अध्ययन किया है जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई उम्मीद जगाता है। उनका अध्ययन अंतरराष्ट्रीय पत्रिका फिजियोलॉजी एंड मॉलीक्युलर बायोलॉजी ऑफ प्लांट्स में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन में बताया गया है कि नैनो तकनीक की मदद से पौधे अब प्रदूषित मिट्टी और पानी को पहले से कहीं ज्यादा असरदार तरीके से साफ कर सकते हैं। इसे वैज्ञानिक भाषा में फाइटोरिमेडिएशन कहा जाता है। यानी पौधों के जरिए पर्यावरण की सफाई। (माई सिटी रिपोर्टर)



### डॉ. आदित्य आभा सिंह को मिला सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आदित्य आभा सिंह को ऑल इंडिया बॉटनिकल सोसाइटी की ओर से प्रो. वाईएस मूर्ति मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 48वीं ऑल इंडिया बॉटनिकल कान्फ्रेंस व बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी ऑफ प्लांट डायवर्सिटी फॉर बायोइकोनॉमी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में दिया गया। ये संगोष्ठी नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग में आयोजित हुई। (संवाद)



स्वयं

### लविवि : आज से दो दिन के लिए खुलेगा लर्न पोर्टल

**बिना पंजीकरण नंबर मान्य नहीं होता है विद्यार्थियों का दाखिला**

**लविवि ने संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों को दिया 48 घंटे का मौका**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो और तीन नवंबर को 48 घंटे के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (लर्न) पोर्टल खोलने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय की ओर से ओर से जारी आदेश में पोर्टल पर पंजीकरण न करा पाने वाले संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों को नंबर लेने का निर्देश दिया है। पंजीकरण नंबर के बिना लविवि परिसर और कॉलेज में विद्यार्थी का दाखिला मान्य नहीं होता है।

विवि के प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि पोर्टल 2 व 3 नवंबर से खुलेगा। समय रहते पंजीकरण करा लेना चाहिए। लखनऊ सहित लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई और रायबरेली में भी संबद्ध कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को इस पर ध्यान देना होगा। जब तक लर्न पंजीकरण नहीं होगा तब तक छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकेंगे। पंजीकरण नंबर न होने पर विद्यार्थियों का कोई दावा नहीं मान्य नहीं होगा। लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल का लिंक लर्न पंजीकरण के लिए उपलब्ध है। इस पर क्लिक करके पंजीकरण कर सकते हैं। इस दौरान कॉलेजों में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। (संवाद)

### लविवि में प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएससी और बीएससी के प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दी हैं। बीएससी पांचवें सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 नवंबर से शुरू होंगी। एमएससी थर्ड सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 से 15 नवंबर, एमएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 10 से 12 नवंबर तक होंगी। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं दो दिसंबर से चार दिसंबर तक होंगी। बीएससी तीसरे सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 10 से 12 नवंबर तक होंगी। (संवाद)

## DAINIK JAGRAN

### दो दिन के लिए खोला गया एलयूआरएन पोर्टल

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रहित में दो दिन के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल (एलयूआरएन) खोल दिया है। कालेजों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी दो से तीन नवंबर तक पंजीकरण करके प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव ने इस संबंध में शनिवार को नोटिफिकेशन जारी किया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रहित में पोर्टल खोलने की मांग को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा था।

## HINDUSTAN

### 3 एलयूआरन पंजीकरण का आखिरी मौका आज

एलयू ने एलयूआरएन पर रजिस्ट्रेशन करने का अन्तिम मौका दिया है। 2025-26 में प्रवेश के लिए ऐसे छात्र जिनके पास एलयूआरएन रजिस्ट्रेशन नहीं था उनकी समस्या को देखते हुए दो और तीन नवम्बर को एलयूआरएन रजिस्ट्रेशन खोल दिया गया है।

### 4 एलयू ने जारी की एमएससी प्रैक्टिकल की तिथियां

एलयू ने एमएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के प्रैक्टिकल की तिथियां जारी कर दी हैं। तृतीय सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 13, 14 और 15 को व प्रथम सेमेस्टर के 10, 11 और 12 नवम्बर को होंगे। केमेस्ट्री प्रैक्टिकल सुबह दस से पांच बजे तक होंगे। 30 मिनट पहले पहुंचना होगा।

### एलयू में आंध्र प्रदेश के सात मूल निवासी सम्मानित

**लखनऊ।** एलयू में आंध्र प्रदेश स्थापना दिवस पर छात्राओं ने कुचिपुड़ी नृत्य परिधान शो, पीपीटी प्रेजेंटेशन, अन्य नृत्य व आंध्र प्रदेश पर क्विज प्रस्तुत की। एपी सेन हॉल में प्रो. अनूप भारतीय ने कुलपति प्रो. मनुका खन्ना व आंध्र प्रदेश के मूल निवासी सात अतिथियों को सम्मानित किया। इनमें जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया लखनऊ के डॉ. पी प्रशांत समेत अन्य शामिल रहे।

## VOL

### लविवि की डॉ. आदित्य आभा सिंह को प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल 2025 से सम्मानित

**लखनऊ।** लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. आदित्य आभा सिंह को ऑल इंडिया बॉटनिकल सोसाइटी (एआईबीएस) द्वारा प्रतिष्ठित प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल (2025) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 48वीं ऑल इंडिया बॉटनिकल कॉन्फ्रेंस एवं बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी ऑफ प्लांट डायवर्सिटी फॉर बायोइकोनॉमी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन 29 से 30 अक्टूबर तक नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू), शिलांग में किया गया। प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल भारतीय वनस्पति विज्ञान जगत में एक महत्वपूर्ण सम्मान माना जाता है, जो हर वर्ष उत्कृष्ट शोध कार्य करने वाले शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है। डॉ. सिंह को यह सम्मान उनके सी-4 पौधों (विशेषकर मक्का) पर वायुमंडलीय प्रदूषक ओजोन के प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े कारकों जैसे बढ़ते कार्बन डाइऑक्साइड स्तर के साथ उसकी अंतःक्रिया पर किए गए महत्वपूर्ण शोध के लिए दिया गया है।